समाचार

शहर में चलाया जाएगा स्वच्छता का महाअभियान

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कार्ययोजना निर्धारित कर अभियान चलाए जाने के दिए निर्देश)

(10 फरवरी से 31 मार्च तक चलेगी विशेष स्वच्छता ड्राईव)

कोरबा 09 फरवरी 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर में स्वच्छता का महाअभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत निर्धारित कार्ययोजना अनुसार वार्डो में विशेष सफाई का कार्य एक अभियान के रूप में संचालित होगा। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कार्ययोजना निर्धारित कर नियत तिथियों में वार्ड व बस्तियों में स्वच्छता ड्राईव संचालित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

शहर को साफ–सुथरा रखने, स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने एवं साफ–सफाई में उनका सहयोग प्राप्त करने एक सुनियोजित कार्ययोजना के तहत सफाई कार्यो का संपादन कराने हेतु 10 फरवरी से 31 मार्च तक प्रथम चरण में शहर के कोरबा जोन, टी.पी.नगर जोन, कोसाबाड़ी जोन व रविशंकर शुक्ल जोन के वार्डों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई जाएगी। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने वार्डवार व तिथिवार कार्ययोजना निर्धारित कर वार्डो में स्वच्छता ड्राईव चलाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके तहत चिन्हित वार्डो में जनसहयोग से सड़कों, नालियों, नालों की विशेष सफाई, सड़कों के किनारे उगी हुई घांस, बर्म व झाडियों की सफाई, कचरे का तुरंत उठाव, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव सहित अन्य विविध स्वच्छता संबंधी कार्य एक अभियान के रूप में इस हेतु गठित विशेष दलों के द्वारा किए जाएंगे।

जनजागरूकता पर विशेष फोकस– आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा है कि यदि हमें अपने कोरबा शहर को स्वच्छतम शहर बनाना है, साफ–सफाई कार्यो में सकारात्मक परिणाम हासिल करने हैं, तो इसमें जनसहयोग एवं सभी की सहभागिता अतिआवश्यक है, अतः स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने की दिशा में विशेष रूप से फोकस करें, लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़े, उनकी सक्रिय भागीदारी प्राप्त करें। उन्होने कहा है कि स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों, स्वसहायता समूहों एवं समस्त नगरवासियों के सक्रिय सहयोग से हम शहर को स्वच्छता के उच्च पायदान पर ले जा सकेंगे।

निर्धारित कार्ययोजना पर संचालित होंगी, स्वच्छता ड्राईव– विशेष स्वच्छता अभियान हेतु तैयार कार्ययोजना के अनुसार 10 फरवरी से 12 फरवरी तक कोरबा जोन के वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा एवं 14 फरवरी से 16 फरवरी तक वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा में स्वच्छता ड्राईव चलाई जाएगी। इसी प्रकार 17 फरवरी से 19 फरवरी तक टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 02 साकेत नगर तथा 21 फरवरी से 23 फरवरी तक वार्ड क्र. 03 राताखार में स्वच्छता ड्राईव चलेगी। 24 फरवरी से 26 फरवरी तक कोसाबाड़ी जोन के वार्ड क्र. 20 कांशीनगर व 28 फरवरी से 02 मार्च तक वार्ड क्र. 21 बुधवारी में विशेष सफाई अभियान संचालित होगा। इसी प्रकार 03 मार्च से 05 मार्च तक रविशंकरनगर शुक्ल जोन के वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर एवं 07 मार्च से 09 मार्च तक वार्ड क्र. 23 रविशंकर नगर में स्वच्छता ड्राईव चलेगी। 10 मार्च से 12 मार्च तक कोरबा जोन के वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती व 14 मार्च से 16 मार्च तक वार्ड क्र. 11 नई बस्ती में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। 17 मार्च से 19 मार्च तक टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 13 परिवहन नगर व 21 मार्च से 23 मार्च तक वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में स्वच्छता ड्राईव चलेगी। इसी प्रकार 24 मार्च से 25 मार्च तक कोसाबाड़ी जोन के वार्ड क्र. 28 आर.पी.नगर एवं 26 मार्च से 28 मार्च तक वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में विशेष अभियान संचालित

होगा। 29 मार्च से 30 मार्च तक रविशंकर शुक्ल जोन के वार्ड क्र. 24 एम.पी.नगर में तथा 31 को वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर में स्वच्छता ड्राईव चलाई जाएगी।